पंचदश

बिहार विधान-सभा

पंचम सत्र

अल्प-सूचित प्रश्न

वर्ग-3

15 चैत्र, 1934 (श०)

बुधवार, तिथि ————————

04 अप्रील, 2012 (ई०)

प्रश्नों की कुल संख्या——03

(1) ग्रामीण कार्य विभाग	..	..	01
(2) पंचायती राज विभाग	..	..	01
(3) जल संसाधन विभाग	..	..	01
		कुल योग	03

दोषी पर कार्रवाई

60. श्री कृष्ण कुमार ऋषि--दिनांक 3 जनवरी, 2012 को हिन्दी समाचार में प्रकाशित ''12.45 करोड़ की माया बिना निविदा ही काम कराया'' शीर्षक को ध्यान में रखते हुए क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियां जिला के अधीन 246 पंचायतों में पंचायत भवन के लिए उपकरण की खरीददारी 4.60 लाख प्रति पंचायत की दर से बिना निविदा निकाले 12.54 करोड़ की राशि का काम हो गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि डी०डी०सी०, पूर्णियां ने अपने पत्रांक 536, दिनांक 25 अगस्त, 2011 के द्वारा जिला के सभी पंचायत के मुखिया, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी सहित पंचायत सचिव को एक ही आपूर्तिकर्ता से समान खरीदने का आदेश दिया है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इसकी जांच कराकर दोषी के विरुद्ध कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

फसल की क्षतिपूर्ति

61. डॉ० अब्दुल गफूर--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला अन्तर्गत किरतपुर प्रखण्ड के पुनाछ एवं मलई गांव के निकट पूर्वी कमला नदी को दिनांक 23 फरवरी, 2012 को बांध देने के कारण सहरसा जिला के महिषी प्रखण्ड के मनौवर, जलय एवं झमटा तथा दरभंगा जिला के किरतपुर प्रखण्ड के मंसारा, आहीस एवं पलवा मौजे के 350 एकड़ भूमि में लगे गेहूं एवं मक्का को फसल पानी में डूब जाने के कारण किसानों का एक करोड़ से अधिक का नुकसान हुआ है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार किसानों की फसल की क्षतिपूर्ति देने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

आवागमन चालू कराना

62. श्री विनोद कुमार सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत हफला चौक से कुरेठा, धनपाड़ा, सहजा होते हुए मदनसाही एन०एच० 81 तक की सड़क ग्रामीण कार्य विभाग की है, जो बिल्कुल जीर्ण-शीर्ण की स्थिति में है, 20 कि०मी० की उस सड़क की निविदा वर्ष 2010 में हुई थी, ढाई वर्ष बीत जाने के बावजूद भी उक्त सड़क का जीर्णोद्धार कार्य अधूरा है, जिससे आवागमन बाधित है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त वर्णित सड़क का जीर्णोद्धार कराकर आवागमन चालू कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पटना:
दिनांक 4 अप्रील, 2012 (ई०) ।

लक्ष्मीकान्त झा,
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान-सभा ।

बि०स०मु० (एल०ए०), 172-डी०टी०पी०--450